# MP BOARD CLASS 9 EXAM 2015

# हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा IX

- वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1.** दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 5 × 1 = 5

(i) रैदास ने ………… को चंचल कहा है। *(बुद्धि/कुबुद्धि)*

(ii) रौद्र रस का स्थायी भाव ………… है। *(वत्सल/क्रोध)*

(iii) चन्द्रमा $27\frac{1}{2}$ दिन में ………… की परिक्रमा पूरी करता है। *(पृथ्वी/सूर्य)*

(iv) झुंड में चलना और झुंड में चरना यह ………… का काम है। *(बैल या बकरी/भैंस या भेड़)*

(v) कमाई में प्रत्यय ………… है। *(आई/लाई)*

**उत्तर**—(i) बुद्धि, (ii) क्रोध, (iii) पृथ्वी, (iv) भैंस या भेड़, (v) आई।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 5 × 1 = 5

**(i) 'लोटा' शब्द है—**

(क) विदेशी, (ख) तत्सम, (ग) देशज, (घ) तद्भव।

**(ii) जहाँ एक शब्द बार-बार आए, किन्तु उसका अर्थ हर बार अलग-अलग हो वहाँ अलंकार होता है—**

(क) यमक, (ख) श्लेष, (ग) अनुप्रास, (घ) रूपक।

**(iii) भाई के वन में फूलती है—**

(क) कली, (ख) केसर, (ग) पंखुड़ी, (घ) बेल।

**(iv) हमारा देश बसता है—**

(क) गाँव में, (ख) घर में, (ग) झोंपड़ी में, (घ) महल में।

**(v) सम्राट बिम्बसार के पुत्र का नाम था—**

(क) राजकुमार अजय, (ख) राजकुमार अभय,
(ग) राजकुमार विजय, (घ) राजकुमार संजय।

**उत्तर**—(i) (ग), (ii) (क), (iii) (ख), (iv) (ग), (v) (ख)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य/असत्य लिखिए—** 5 × 1 = 5

(i) छन्द तीन प्रकार के होते हैं।

(ii) शब्द के आगे जुड़ने वाले शब्द उपसर्ग कहलाते हैं।

(iii) 'शबरी प्रसंग' के रचनाकार सूरदासजी हैं।

(iv) बेनीमाधवसिंह गौरीपुर गाँव के जमींदार थे।

(v) समन्वय मन्दिर सर्वधर्म सम्प्रदायों का मन्दिर होगा।

**उत्तर**—(i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

**प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाकर लिखिए—** 5 × 1 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) पंचवटी | (क) अवनति |
| (ii) बहू की विदा | (ख) आभूषण |
| (iii) सिपाही का पत्र | (ग) विनोद रस्तोगी |
| (iv) अलंकार | (घ) मैथिलीशरण गुप्त |
| (v) उन्नति | (ङ) कविता |

**उत्तर**—(i) → (घ), (ii) → (ग), (iii) → (ङ), (iv) → (ख), (v) → (क)।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए—** 5 × 1 = 5

(i) घनानन्द की प्रेमिका का क्या नाम था ?

(ii) तत्सम शब्द किसे कहते हैं ?

(iii) अमेरिका की खोज किसने की थी ?

(iv) काव्य के कितने भेद होते हैं ? नाम लिखिए।

(v) विक्रम साराभाई कौन थे ?

**उत्तर**—(i) सुजान, (ii) संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी में ज्यों के त्यों ग्रहण किये गये हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं, (iii) कोलम्बस ने, (iv) काव्य के प्रमुख रूप से दो भेद—(1) पद्य व (2) गद्य होते हैं, (v) महान वैज्ञानिक।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 6.** मीरा के धन की विशेषताएँ लिखिए। 2

*अथवा*

जीवन मार्ग में काँटे और कलियाँ क्या हैं ?

**प्रश्न 7.** कवि अज्ञेय ने शहरवासियों को वासना का साँप क्यों कहा है ? 2

*अथवा*

सुदामा की पत्नी ने सुदामा को क्या समझाया ?

**प्रश्न 8.** सुजान अनीति करौ—से कवि का क्या तात्पर्य है ? 2

*अथवा*

'हिन्दुस्तान हमारा है' से कवि बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का क्या तात्पर्य है ?

**प्रश्न 9.** रहीमदासजी ने बुरे दिन में चुप रहने की बात क्यों कही है ? 2

*अथवा*

कवि वृन्द के अनुसार मूर्ख विद्वान कैसे बन जाता है ?

**प्रश्न 10.** धरती अपनी प्रसन्नता किस प्रकार व्यक्त कर रही है ? 2

*अथवा*

पैसा बोने के पीछे कवि सुमित्रानन्दन पन्त का क्या स्वार्थ था ?

**प्रश्न 11.** स्वामी विवेकानन्द जी के अनुसार शीघ्र ही प्रत्येक धर्म की पताका पर क्या लिखा मिलेगा ?

*अथवा* 2

वनों से होने वाले लाभ लिखिए।

**प्रश्न 12.** जीवनलाल ने कमला को विदा करने से क्यों मना कर दिया ? 2

*अथवा*

'ताई' कहानी का प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

**प्रश्न 13.** कर्ता को किस प्रकार का कार्य करना चाहिए ? 2

*अथवा*

लेखक शरद जोशी के अनुसार मनुष्य और पशु में क्या अन्तर है ?

**प्रश्न 14.** गोरे अंग्रेज ने हिन्दी के बारे में क्या कहा ? 2

*अथवा*

निर्झर को किन-किन बाधाओं को पार करना पड़ता है ?

**प्रश्न 15.** उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अन्तर है ? 2

*अथवा*

रूढ़ एवं यौगिक में क्या अन्तर है ?

**प्रश्न 16.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के द्वारा लिखी काव्य की परिभाषा लिखिए। 2

*अथवा*

किन्हीं दो महाकाव्यों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित वाक्यों के उत्तर एक शब्द में लिखिए—** 3

(i) जिसे जीता न जा सके, (ii) प्रेरणा देने वाला, (iii) जो बीत चुका हो ऐसा समय।

*अथवा*

**निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए—**

(i) सुअवसर, (ii) हर्ष, (iii) प्रवृत्ति।

**प्रश्न 18.** अपनी माँ को विश्वास दिलाते हुए सिपाही क्या कहता है ? 3

*अथवा*

सौर पंचांग किसे कहते हैं ?

**प्रश्न 19.** 'अनुप्रास' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

*अथवा*

'श्लेष' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 20.** वीरगाथा काल की चार विशेषताएँ लिखिए।

***अथवा***

भक्तिकाल के चार कवियों के नाम उनकी एक-एक रचनाओं के साथ लिखिए।

**प्रश्न 21.** नाटक किसे कहते हैं ? नाटक के तत्व भी लिखिए। 4

***अथवा***

निबन्ध किसे कहते हैं ? इसके कितने प्रकार होते हैं ?

**प्रश्न 22. निम्नलिखित पद्यांश में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए—** 4

*झूम-झूम बदलियाँ, चूम-चूम बिजलियाँ,*
*आँधियाँ उठा रहीं, हलचलें मचा रहीं।*
*लड़ रहा स्वदेश हो, शान्ति का न लेश हो,*
*क्षुद्र जीत-हार पर, यह दिया बुझे नहीं।*

***अथवा***

*यहाँ प्रथम मानव ने खोले, निंदियारे लोचन अपने।*
*इसी नभ तले उसने देखे, शत-शत नवल सृजन सपने।*
*यहाँ उठे 'स्वाहा' के स्वर औ यहाँ 'स्वधा' के मन्त्र बने।*
*ऐसा प्यारा देश पुरातन, ज्ञान निधान हमारा है।*

**प्रश्न 23. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—** 4

साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिन्ता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जाने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है।

***अथवा***

"उड़ती फिरती है शिरीष वृक्ष की शाखाओं पर। इस बेचारी को ऐसा शोक नहीं है। इसके जीवन में कहीं भी गाँठ पड़ी है, यही सोच रहा हूँ।" सबेरे की धूप में मानो सहज मन से आहार चुगती हुई झड़े हुए पत्तों पर कूदती फिरती है सारा दिन।

**प्रश्न 24. गोस्वामी तुलसीदासजी *अथवा* सुभद्राकुमारी चौहान का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भावपक्ष—कलापक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 25. रामधारीसिंह 'दिनकर' *अथवा* हजारी प्रसाद द्विवेदीजी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 26. अपठित गद्यांश पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** $1+2+2=5$

एक महान तत्ववेत्ता के अनुसार विद्या दो प्रकार की होती है—पहली वह जो हमें कमाना सिखाती है, और दूसरी वह जो हमें जीना सिखाती है। वर्तमान समय में पहली विद्या का अभाव है और दूसरी भी विकृत रूप में पढ़ाई जाती है। स्कूलों और कॉलेजों में हमें अंग्रेजी में शिक्षा दी जाती है जो हमारे दृष्टिकोण को विस्तृत तथा हमारी भावनाओं को चेतन करती है। किन्तु शिल्पकला नाम मात्र भी नहीं सिखाई जाती है जिससे आज का विद्यार्थी स्वरोजगार करने के बजाय नौकरियों के अभाव में बेरोजगार घूमता-फिरता है।

**(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।**

**(ii) विद्या कितने प्रकार की कही गई है ?**

**(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 27.** शुल्क-मुक्ति हेतु अपने प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

***अथवा***

अपने पिताजी को 500 रु. का धनादेश भेजने हेतु पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए—** 7

(i) कम्प्यूटर का महत्व, (ii) दूरदर्शन से लाभ-हानि, (iii) वृक्षारोपण, (iv) जीवन में खेलों का महत्व, (v) विज्ञान के बढ़ते चरण।

(ब) उपर्युक्त दिये गये विषयों में से निबन्ध लिखे गये विषय को छोड़कर अन्य किसी एक विषय की बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए। 3

https://www.evidyarthi.in/